E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.-9453590179

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 820 / कार्य–08 / 161 दिनांक – 18.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–ई–पेपर "अमर उजाला" में दिनांक 29.04.2026 को प्रकाशित शीर्षक "हर घर जल का दावा खोखला 1.5 करोड़ की योजना अधर में" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर "अमर उजाला" में दिनांक 29.04.2026 को "हर घर जल का दावा खोखला 1.5 करोड़ की योजना अधर में" शीर्षक से प्रकाशित खबर के अन्तर्गत पेयजल सम्बन्धित खबर प्रकाशित है।

उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि ई–पेपर "अमर उजाला" से प्रकाशित उक्त खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–सलेमपुर के ग्राम चकरा गोसाई पेयजल योजनान्तर्गत सभी कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, जिसमें टंकी की सफाई कराकर योजना से जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी। पिपरा मिश्र पेयजल योजना पर वर्तमान तक योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय में स्टेजिंग के उपर स्लैब तक का निर्माण कार्य करा दिया गया है व पाइप लाइन 11.93 कि0मी0 के सापेक्ष 13.30कि0मी0 एवं 586 नग के सापेक्ष 360 नग गृह संयोजन का कार्य करा दिया गया है एवं पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण करा दिया गया है व पांच माह पूर्व डायरेक्ट बाईपास से जलापूर्ति की जा रही थी किन्तु 02 कि0मी0 राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे जलापूर्ति बाधित है। रोड निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षतिग्रस्त पाइप लाइन पुनः बिछाते हुए जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी। योजनान्तर्गत अनुआपार, मधवापुर, कोड़रा श्रीराम, इटहुआ हजाम एवं बढ़पुरवा योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति धनाभाव के कारण धीमी है। योजनान्तर्गत धन उपलब्ध होने की दशा में समयान्तर्गत समस्त योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए माह जून, 2027 तक हर घर नल से जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करा दिया जायेगा।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एल0सी0 इन्फ्रा व ऋत्विक–कोया(जेवी) प्रा0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि योजनाओं के समस्त कार्यों को पूर्ण कराते हुए योजना संचालित करायें।

अधिशासी अभियन्ता